साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा अवार्ड्स

मुंबई, वैश्विक साइबर सुरक्षा समाधान प्रदाता क्विक हील ने आज अपनी सीएसआर पहल के माध्यम से मुंबई में साइबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा अवार्ड्स का आयोजन किया। इस पुरस्कार समारोह में उन शिक्षण

संस्थाओं, शिक्षकों और विद्यार्थियों के उल्लेखनीय योगदान पर आभार प्रकट किया गया, जिन्होंने स्वेच्छा से समाज के उपेक्षित लोगों के बीच साइबर सुरक्षा पर जागरूकता फैलाई। यह पुरस्कार क्विक हील फाउंडेशन की चेयरपर्सन सुश्री अनुपमा काटकर और भाग लेने वाले 4 संस्थानों के शिक्षकों की उपस्थिति में दिये गये।